मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्र सं0–टीएस–सीसीटीएनएस–87/2014(II) दिनांकःलखनऊःमार्च 05, 2018

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे।
समस्त पुलिस अधीक्षक रेलवे।

समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।

अवगत कराना है कि सीसीटीएनएस पोर्टल पर कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर **(CAS)** 4.5 वर्जन के माध्यम से प्रदेश में किये जाने वाले समस्त कार्य आन–लाइन देखे जाने की सुविधा पूर्व से विद्यमान है।

2. जनपद में उच्चाधिकारियों द्वारा इस सुविधा के बावजूद भी जीडी का प्रिन्ट आउट मात्र अवलोकन हेतु मँगाया जा रहा है। इससे कागज का अपव्यय हो रहा है।

3. सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने यूजर आई0डी0 व पासवर्ड के माध्यम से बिना प्रिन्ट आउट निकाले, कागज व स्टेशनरी की मात्र देखने हेतु होने वाले अपव्यय को बचाते हुए जी0डी0 भी अवलोकन कर सकते हैं।

4. इस सन्दर्भ में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) से मदद ले लें, कि आप जीडी का अवलोकन अपने यूजर आई0डी0 व पासवर्ड के माध्यम से बिना प्रिन्ट आउट निकाले सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपने कार्यालय से ही कैसे किया जा सकता है।

5. उपरोक्त के सन्दर्भ में जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी को भी प्रशिक्षित करने का कष्ट करें। जिससे कि अपने यूजर आई0डी0 व पासवर्ड के माध्यम से बिना प्रिन्ट आउट निकाले ही सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपने कार्यालय से ही कैसे जी0डी0 का अवलोकन किया जा सकता है।

5/3

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ

प्रतिलिपि–

1. पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
3. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. प्रभारी नेटवर्क आपरेटिंग सेन्टर, तकनीकी सेवायें को इस निर्देश के साथ कि कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल के माध्यम से प्रेषित करने हेतु।
5. श्री कृष्ण मुरारी/तरू माथुर, प्रोग्रामर ग्रेड–2 उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस सम्बन्ध में समस्त कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) से अपेक्षित समन्वय एवं उपरोक्त के कियान्वयन हेतु।
6. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल/वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।